प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा मे,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–अलीगढ़

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / अलीगढ़ मण्डल / 2020–21 7597 दिनांक 01-03-2021

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्ड.ई. / 2020–21 / 18 / 2192–2 दिनांक 06.08.2020 एवं महाप्रबन्धक, एम0एण्डइ0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्ड.ई. / 2020–21 / 18 / 6826 दिनांक 02.02.2021 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 08–12 फरवरी, 2021 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–अलीगढ़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल की भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

**(अताउर रब)**
उपमहाप्रबन्धक, कम्यूनिटी प्रोसेस एवं
मण्डलीय नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
अलीगढ़ मण्डल,

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2020–21 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, अलीगढ़। ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल।
4. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, अलीगढ़ मण्डल।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोर्डीनेटर, अलीगढ़।

**(अताउर रब)**
उपमहाप्रबन्धक, कम्यूनिटी प्रोसेस एवं
मण्डलीय नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
अलीगढ़ मण्डल,

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19—ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा मे,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद—अलीगढ़

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/अलीगढ़ मण्डल/2020—21 दिनांक 01-03-2021

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स/समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./2020—21/18/2192—2 दिनांक 06.08.2020 एवं महाप्रबन्धक, एम0एण्डइ0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./2020—21/18/6826 दिनांक 02.02.2021 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 08—12 फरवरी, 2021 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद—अलीगढ़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल की भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक—यथोक्त।

भवदीय

/

**(अताउर रब)**
उपमहाप्रबन्धक, कम्यूनिटी प्रोसेस एवं
मण्डलीय नोडल अधिकारी—अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
अलीगढ़ मण्डल,

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2020—21/7597-6 तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, अलीगढ़। ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल।
4. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, अलीगढ़ मण्डल।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोर्डीनेटर, अलीगढ़।

**(अताउर रब)**
उपमहाप्रबन्धक, कम्यूनिटी प्रोसेस एवं
मण्डलीय नोडल अधिकारी—अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
अलीगढ़ मण्डल,

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–अलीगढ़
# भ्रमण दिनांक 08–12 फरवरी, 2021

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./2020–21/18/2192–2 दिनांक 06.08.2020 एवं महाप्रबन्धक, एम0एण्डइ0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./2020–21/18/6826 दिनांक 02.02.2021 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 08–12 फरवरी, 2021 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–अलीगढ़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

टीम के सदस्य –

1. डा0 पी0 के0 गंगवार, सलाहकार, एन0सी0डी0, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.।
2. श्री जमाल अहमद, कार्यक्रम समन्वयक, जनसूचना, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–जवां

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के उपरान्त लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान ससमय किया जा रहा है। परन्तु कुल संस्थागत प्रसव 1950 के सापेक्ष 1463 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है, 487 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। | लाभार्थियों के लम्बित भुगतान को जल्द कराने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक/ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर एवं<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, जवां, अलीगढ़। |
| • लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Sleeper, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण लेबर रूम में इंफेक्सन का खतरा बना रहता है।<br>• प्रसव कक्ष व्यवस्थित था, सफाई व्यवस्था संतोष जनक थी। कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• लेबर रजिस्टर, केश शीट आदि भरे जा रहें हैं, पार्टोग्राफ भरे जा रहें हैं।<br>• सामान्य प्रसव वाले अधिकतर लाभार्थी 48 घन्टे रूक रहे हैं। | कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, जवां, एवं नोडल अधिकारी, एन0एच0एम0 अलीगढ़। |

| | | |
|---|---|---|
| • लेबर वार्ड का एल0सी0डी0 बन्द पड़ा पाया गया।<br>• स्टॉफ नर्स द्वारा अवगत कराया गया कि 3 Radiant Warmer में से एक Radiant Warmer 1 वर्ष से खराब है।<br>• प्रसूता के डिस्चार्ज से पूर्व नवजात बच्चों को बी0सी0जी0, ओ0पी0वी. एवं हेपटाईटिस बी0 की जन्म वाली खुराक दी जा रही है।<br>• अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराय जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक/ एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, जवां, अलीगढ़। |
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–जवां से सम्बध आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा 500 कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया है। 198 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–जवां पर उपचारित किया गया तथा उनमे से 03 बच्चों को एन0आर0सी0 संदर्भित किया गया।<br>• भ्रमण के दौरान संज्ञान में आया है कि, आर0बी0एस0के0 टीम की नर्स सुश्री शमा मिस्दाक बिना किसी सूचना एवं अनुमति के लगभग 10 महीने से अनुपस्थित हैं। जिसकी सूचना प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ़ को दे दी गई है। | मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ़ को इस सम्बन्ध में आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | नोडल आर0बी0एस0के0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, अलीगढ़। |
| • केन्द्र पर प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया था। व्यवस्थित, सुसज्जित एवं सुचारू रूप से कार्यक्रम संचालित हो रहा था। | | |
| • केन्द्र पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत व्यवस्था 08–10 घन्टों की होती है। जिससे कोल्ड चेन एवं अन्य उपकरणों के संचालन में कठिनाई होती है। | टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि इस समस्या से निदान के लिए जिलाधिकारी एवं विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करें। | प्रभारी चिकित्साधिकारी जवां एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, अलीगढ़। |

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर रायपुर दहेली, जवां ब्लॉक

- 8300 जनसंख्या को सेवायें देने वाला, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर रायपुर दहेली सरकारी भवन में स्थित है।
- इस हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के अन्तर्गत एक सी0एच0ओ0, एक ए0एन0एम0 एवं 08 आशायें कार्यरत हैं।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर रायपुर दहेली पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान नहीं है।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर 09 प्रकार की Diagnostic Test की सेवा उपलब्ध पाई गई।
- हैण्ड पम्प की व्यवस्था की गई है। 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है।
- Power Backup की व्यवस्था नहीं है।
- इस सेन्टर पर अभी OPD की सेवायें दिये जाने का कोई रिकार्ड नहीं पाया गया।
- Service Delivery से सम्बन्धित रिकार्ड पूर्ण नहीं है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–चन्डौस

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के उपरान्त लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान ससमय किया जा रहा है। परन्तु कुल संस्थागत प्रसव 955 के सापेक्ष 791 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है, 164 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है।<br>• प्रसव कक्ष की स्थिति दैनीय है। सफाई व्यवस्था संतोष जनक नहीं थी। प्रसव कक्ष से सम्बन्धित रजिस्टर व्यवस्थित नहीं पाया गया। पार्टोग्राफ नहीं भरे जा रहें हैं। | लाभार्थियों के लम्बित भुगतान को जल्द कराने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर एवं<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, चन्डौस, अलीगढ़। |
| • प्रसव कक्ष में Kelis Pad नहीं पाया गया।<br>• लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Sleeper, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण लेबर रूम में इंफेक्सन का खतरा बना रहता है।<br>• कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी | प्रसव कक्ष में कार्यरत नर्स को स्टोर से Kelis Pad दिला दिया गया।<br><br>कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, चन्डौस, एवं नोडल अधिकारी, एन0एच0एम0 अलीगढ़। |

| | | |
|---|---|---|
| प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• सामान्य प्रसव वाले अधिकतर लाभार्थी 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• प्रसव कक्ष में रखा Oxygen Cylinder के नोज़ल में जंग लगा होने के कारण Open नहीं हो पा रहा था, ऐसा प्रतीत होता है, कि इसका उपयोग कभी नहीं किया जाता है।<br>• अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी / कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | तत्काल नया Oxygen Cylinder बदलवा दिया गया।<br><br>निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराया जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / एवं<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, जवां, अलीगढ़। |
| • आर0बी0एस0के0 टीम के मेडिकल अफसर डा0 ज़ीनत द्वारा उपस्थिति पंजीका पर ओवर राईटिंग की जा रही है। और वे काफी दिनों से अनुपस्थित भी हैं। | | नोडल आर0बी0एस0के0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, अलीगढ़। |

## वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां)
## कसेरू, चण्डौस, ब्लॉक

- ग्राम कसेरू में चल रहे वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां) सत्र के दौरान ए0एन0एम0, आशा, एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं।
- वी0एच0एन0डी सत्र पर बैनर लगे थे।
- वी0एच0एन0डी टीम द्वारा आई0पी0सी0 की जा रही थी।
- सत्र के दौरान पाया गया कि टीकाकरण हेतु 23 बच्चे एवं 09 महिलायें पंजीकृत हैं, भ्रमण के समय 09 बच्चे एवं 04 महिलाओं को आवश्यक सेवाऐं दी जा चुकी थीं।
- ए0एन0एम0, आशा द्वारा 05 कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया था।
- ए0एन0एम0 / आशा के पास आवश्यक लाजिस्टिक उपलब्ध थी, साथ ही गर्भवती महिलाओं के जांच हेतु अलग से व्यवस्था(टेबल व पर्दा) की गई थी। लाभार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी।
- टीम द्वारा दो स्तनपान करा रही महिला / किशोरी / 06 माह से 02 वर्ष तक के बच्चे के घर का भ्रमण किया गया।
- किशोरियों से वार्तालाप के उपरान्त ज्ञात हुआ कि आशा द्वारा उन्हें स्वास्थ्य एवं सफाई सम्बन्धित जानकारी नहीं दी गई है।
- विद्यालयों में अवकाश के कारण WIFS की मॉनीटरिंग नहीं की जा सकी।

**वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां)**
**अमृतपुर, चण्डौस, ब्लॉक**

- ग्राम अमृतपुर में चल रहे वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां) सत्र के दौरान ए0एन0एम0, सुश्री संतोष कुमारी आशा सुश्री रेखा देवी, एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुश्री सुरेखा उपस्थित थीं।
- वी0एच0एन0डी सत्र पर बैनर नहीं लगे थे।
- वी0एच0एन0डी टीम द्वारा आई0पी0सी0 की जा रही थी।
- सत्र पर भ्रमण के समय 08 बच्चे एवं 06 गर्भवती महिलाओं को आवश्यक सेवाऐं दी जा चुकी थीं।
- ए0एन0एम0/आशा के पास आवश्यक लाजिस्टिक उपलब्ध थी, परन्तु गर्भवती महिलाओं के जांच हेतु अलग से व्यवस्था(टेबल व पर्दा) नहीं की गई थी। लाभार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी।

मुख्य बिन्दु–

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जवां के बराबर में हरदुआगंज थर्मल पावर प्लांट, कासिमपुर का **DUST** (राख) जमा करने का हब बना हुआ है, गर्मियों में या तेज़ हवा चलने पर, राख उड़ कर स्वास्थ्य केन्द्र के हर अनुभाग में चला आता है, जिससे हवा प्रदुषित हो जाती है। जो स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत डाक्टर्स, कर्मी एवं चिकित्सालय पर स्वास्थ्य लाभ हेतु आए लभार्थी के लिए हानीकरक है। मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल डा0 बी0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ जनपद, डा0 बी0पी0सिंह, को इस से अवगत करा दिया गया है। टीम द्वार सुझाव दिया गया है कि, जिलाधिकारी अलीगढ़ के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।
- जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज स्थित एन0आर0सी0 पर भर्ती कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को कुछ जांचों (अल्ट्रा साउण्ड/एम0आर0आई) हेतु एवं कुछ दवाईयों हेतु पैसे खर्च करना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ़ को सुझाव दिया गया कि इस समस्या का समाधान हेतु एन0आर0सी0 के नोडल एवं महाप्रबन्धक बाल स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 से समन्वय स्थापित करें।
- दीन दयाल जिला चिकित्सालय, स्थित बन्द जेरियेस्टिक वार्ड को पुनः क्रियाशील करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0बी0 सिंह से वार्ता की गई। उनके द्वारा अस्वस्त किया गया कि वह जल्द ही इस दिशा में प्रयास करेंगे।
- वित्तीय वर्ष 2020–21 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों हेतु रक्षित धनराशि का 20 प्रतिशत से भी कम व्यय किया गया है।
- जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किसी भी अधिकारी/कर्मी को स्वास्थ्य से सम्बन्धित डाटा संग्रह करने हेतु जिम्मेदारी दिया जाना अपेक्षित है। भ्रमण के दौरान चेकलिस्ट से सम्बन्धित/अनुसार पूर्ण डाटा नहीं मिल सका। **District Assessment**

**Checklist** **के अनुसार हर माह पूर्ण डाटा अपडेट किया जाना अपेक्षित है। जिससे भविष्य में भ्रमण के दौरान राज्य स्तरीय टीम को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े।**

- **जनपद के अधिकतर स्वास्थ्य केन्द्रों पर डिस्पोज़िबल गल्वस की कमी पाई गई।**
- **नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगला तिकोना पर मानव संसाधन एवं अन्य सुविधा पर्याप्त हैं, परन्तु आवश्यक्तानुसार जगह की कमी है। उसी प्रांगण में खुले स्थान पर यदि टिन शेड डलवाने पर समस्या का समाधान हो सकता है।**

## समीक्षा बैठक

जवां ब्लॉक, चण्डौस ब्लॉक, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स, नगरीय चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों, ज्वाहर लाल मेडिकल कॉलेज, एवं दीन दयाल चिकित्सालय आदि के अन्तर्गत संचलित विभिन्न गतिविधियों के पर्यवेक्षण के उपरान्त राज्य स्तरी पर्यवेक्षण टीम द्वारा मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल डा0 बी0के0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ जनपद, डा0 बी0पी0सिंह कल्याणी, एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सम्बन्धित चल रहे कार्यक्रमों को और भी बेहतर करने हेतु चर्चा की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि टीम द्वारा उपलब्ध कराये गए रिपोर्ट के आधार पर समस्त गैप्स को जल्द ही दूर करा दिया जाएगा।

जमाल अहमद,
कार्यक्रम समन्वयक,

डा0 पी0 के0 गंगवार,
सलाहकार, एन0सी0डी0,